### रीठी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मगरधा में हुआ हादसा, घायलों का चल रहा इलाज

# घर में घुसा डंपर, मां व बेटी की मौत, दो अन्य की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

तेज रफ्तार डंपर की टक्कर लगने से मां व बेटी की मौत हो गई जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। यह दर्दनाक हादसा रीठी थाना क्षेत्र के ग्राम मगरधा में सोमवार शाम हो हुआ। बताया जाता है कि कटनी की ओर जा रहा एक डंपर टर्निंग में अनियंत्रित होकर एक घर में जा घुसा जिसके कारण घर के बाहर बैठी मां बेटी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि कबाड़ का व्यवसाय करने वाले एक युवक के अलावा एक अन्य युवती घायल हो गई। दोनों घायलों को इलाज के लिए शासकीय जिला अस्पताल कटनी भिजवाया गया है। हादसे के बाद डंपर चालक फरार हो गया है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए अग्रिम कार्यवाही प्रारंभ कर दी है।

रीठी थाना प्रभारी राजेंद्र मिश्र ने बताया



कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम मगरधा में सोमवार 29 जनवरी की शाम लगभग 5 बजे डंपर क्रमांक एमपी 04 पीपीसी 2164 का चालक टर्निंग में तेज गति से डंपर को मोड़ने का प्रयास कर रहा था। चालक जब तक डंपर को मोड पता तब तक डंपर अनियंत्रित होकर एक घर में जा घुसा। हादसे में घर के बाहर बैठी मां बेटी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

#### मायके आई थी बिटिया

पुलिस के मुताबिक मगरधा ग्राम निवासी 50 वर्षीय शशि बाई पति स्वर्गीय राम प्रसाद साहू एवं उनकी पुत्री 21 वर्षीय पूनम पति ओंकार साहू की डंपर की चपेट में आने के कारण घटनास्थल पर ही मौत हो गई है। बताया जाता है कि पूनम कुछ दिन पहले ही अपने मायके घूमने के लिए आई थी जो कि सोमवार शाम हादसे का शिकार हो गई। इसके अलावा अनियंत्रित डंपर की चपेट में आने के कारण बाइक से कबाड़ का व्यवसाय करने वाला भागीरथ चौधरी नामक युवक एवं मगरधा निवासी 18 वर्षी सरस्वती बाई पिता राम प्रसाद साहू गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

पुलिस ने घायलों को शासकीय जिला अस्पताल भिजवाते हुए मृतकों का शव कब्जे में ले लिया है। पुलिस के द्वारा डंपर जप्त करते हुए अग्रिम कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। इस हृदय विदारक हादसे में मां बेटी की मौत से गांव में मातम का माहौल निर्मित हो गया।



## मानकों के अनुरूप कार्य पूर्ण कराएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विभिन्न योजनाओं और माध्यमों से स्वीकृत और प्रगतिरत निर्माणधीन अपूर्ण कार्यों को तत्परतापूर्वक गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इस आशय के निर्देश जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने सोमवार को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के विभिन्न ग्रामों में निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को दिए। जिला पंचायत सीईओ श्री गेमावत ने ग्राम पंचायत कुंदरेही,सिजहरा और जिजनोड़ी के ग्राम जटवारा में प्रगतिरत मनरेगा योजना अंतर्गत कंटूर ट्रेंच, सुदूर सड़क और ग्रेवल सड़क निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को तत्परता पूर्वक कार्यवाही करते हुए तकनीकी मानकों के अनुरूप कार्य पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए।

जिला सीईओ श्री गेमावत ने ग्राम पंचायत मुंडेहरा में नवीन तालाब निर्माण हेतु प्रस्तावित स्थल का मुआयना किया। तकनीकी अधिकारियों को बारिश के पर्याप्त जलसंचय की दृष्टि से निर्माण हेतु उचित कार्यवाही के निर्देश दिए।

मनरेगा योजना अंतर्गत चल रहे कार्य का निरीक्षण करते हुए जिला सीईओ ने मेट सीमा से चल रहे निर्माण कार्यों की मजदूरी भुगतान, एनएमएमएस उपस्थिति प्रणाली संबंध में चर्चा कर जानकारी ली। इस दौरान जनपद पंचायत के सीईओ ब्रतेश जैन सहायक यंत्री और अन्य अधिकारी कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

### खबर संक्षेप

#### आवारा मवेशियों की धमाचौंकडी पर अंकुश लगाने दिये निर्देश

**कटनी।** नगर पालिक निगम महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने सोमवार को हांका गैग की बैठक आयोजित कर सख्त निर्देश जारी किये है। महापौर ने स्वास्थ्य विभाग के हांका गैंग के साथ एक आवश्यक बैठक लेते हुए कहा है कि मिशन चौक से लेकर स्टेशन तक एक भी गाय बैल नजर नहीं आने चाहिए साथ ही वार्डो मे सड़को मे सार्वजनिक स्थानों उद्यानों में आवारा मवेशी विचरण करते पाए जाने पर संबधित पशुपालक के खिलाफ जुर्माना वसूल किया जाए। महापौर अधिकारियों को निर्देश दिये कि तत्काल कार्यवाही की जाये आवारा मवेशियों की धमा चौंकडी से राहगीर दुर्घटना के शिकार हो रहे है। बैठक में हांका गैंग प्रभारी सहित टीम की उपस्थिति रही।

#### सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी सम्मानित



**विजयराघवगढ़।** पशु चिकित्सालय बि गढ़ में सहा, पशु चिकित्सा अधिकारी राकेश सिंह बहेलिया को गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया। राकेश सिंह बहेलिया को कलेक्टर अवि प्रसाद बस स्टैंड में स्थित नगर निगम ओडीटोरियम में आयोजित भारत पर्व समारोह के दौरान सम्मानित किया। विभागीय कर्मचारियों व उनके सहयोगी स्टाफ ने उन्हें बधाइयां दी।

#### पेंशन प्रकरणों के निराकरण हेतु 5 फरवरी तक शिविर

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर पेंशन प्रकरणों के निराकरण हेतु जिले में 29 जनवरी से 05 फरवरी तक की अवधि में विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। कलेक्टर अवि प्रसाद नें जिले के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को अपने कार्यालय अंतर्गत लंबित पेंशन, परिवार पेंशन तथा पुनरीक्षित पेंशन प्रकरणों का निराकरण विशेष शिविर में करानें हेतु आदेशित किया है।

#### ईवीएम वीवीपैट मशीन का एफएलसी कार्य

**कटनी।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद की उपस्थिति में सोमवार को लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की एफएलसी (फर्स्ट लेवल चौकिंग) का कार्य कलेक्ट्रेट कार्यालय के पीछे स्थित ईवी एम वेयर हाउस में बेल के इंजीनियर्स के द्वारा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुआ। इस दौरान मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की भी मौजूदगी रही। उप जिला निर्वाचन अधिकारी साधना परस्ते नें बताया कि प्रथम लेवल चेकिंग का यह कार्य प्रतिदिन ईवीएम वेयरहाउस में प्रातः 10 बजे से कार्य समाप्ति तक कराया जाएगा।

#### गरिमापूर्ण रुप से मनाया जायेगा शहीद दिवस

**कटनी।** 30 जनवरी को प्रातः 11 बजे से सम्पूर्ण देश में भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान देने वाले शहीदों की स्मृति में दो मिनिट का मौन रखा जायेगा। इस दौरान समस्त कार्य एवं गतिविधियां रोक दी जायेंगी। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी निर्देश के परिपालन में डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी द्वारा जिले के समस्त विभाग प्रमुखों को शहीद दिवस को सम्पूर्ण गरिमा के साथ मनाये जाने के दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। 30 जनवरी को प्रातः 11 बजे कार्य और गतिविधियाँ रोक कर शहीद दिवस के अवसर पर शहीदों की स्मृति में विधिवत रूप से 2 मिनट का मौन धारण करने के संबंध में निर्देश जारी किये गये हैं। इस संबंध में 30 जनवरी को दो मिनिट का मौन शुरू होने की सूचना प्रातः 10.59 बजे से प्रातः 11 बजे तक सायरन बजा कर दी जाएगी।

### प्रशिक्षणार्थियों से किया संवाद, कलेक्टर भी रहे उपस्थित

## संभागायुक्त ने उड़ाया ड्रोन, रोमांच से हुए अभिभूत, नवाचार को सराहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

संभागायुक्त अभय वर्मा ने सोमवार को शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज पहुंचकर यहां प्रोजेक्ट पंख के तहत जारी ड्रोन प्रशिक्षण केन्द्र का अवलोकन किया और प्रशिक्षणार्थियों से संवाद किया। इस दौरान कलेक्टर अवि प्रसाद भी मौजूद रहे।

संभागायुक्त ने उच्च गुणवत्ता युक्त अत्याधुनिक सेंटर ऑफ एक्सिलेंस ड्रोन लैब का निरीक्षण किया और ड्रोन सिम्युलेटर की कार्यप्रणाली को समझा। संभागायुक्त ने यहां स्वयं सिम्युलेटर में ड्रोन उड़ाकर देखा। ई- गवर्नेंस के जिला प्रबंधक सौरभ नामदेव ने संभागायुक्त को ड्रोन प्रशिक्षण व उपकरण के बारे में विस्तृत जानकारी दी। संभागायुक्त ने जिले के युवाओं को ड्रोन तकनीक में दक्ष करने और युवाओं के हौसलों को उड़ान देने की जिला प्रशासन के अभिनव नवाचार की मुक्त कंठ से सराहना की। इस मौके पर एस.डी.एम कटनी प्रदीप कुमार मिश्रा




और तहसीलदार आशीष अग्रवाल, प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज एवं जिला प्रबंधक ई- गवर्नेंस सौरभ नामदेव उपस्थित रहे।

ड्रोन प्रशिक्षणार्थियों से संवाद के बाद उत्साहित और रोमांचित संभागायुक्त श्री वर्मा स्वयं ड्रोन उड़ाने का लोभ संवरण न कर सके। संभागायुक्त श्री वर्मा ने कहा कि ड्रोन उड़ाकर वे काफी रोमांचित है, उन्हे बचपन मे उड़ाई गई पतंग की याद आ गई।

#### 44 युवाओं को मिला रोजगार

कलेक्टर श्री प्रसाद ने संभागायुक्त को बताया कि यहां से ड्रोन का प्रशिक्षण प्राप्त 44 युवाओं का देश की ड्रोन कंपनियों में चयन हो चुका है। साथ ही यहां की ड्रोन प्रशिक्षु कंचन दुबे ड्रोन दीदी के रूप मे इफको कंपनी के लिए कार्य कर रहीं है। प्रोजेक्ट पंख के तहत ड्रोन प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं को रोजगार नियोजन की दिशा में किये गये प्रयासों के लिए संभागायुक्त ने जिला प्रशासन को शाबाशी दी और पीठ थपथपाई।

संभागायुक्त ने कहा कि आज के युग मे ड्रोन तकनीक की ट्रांसपोर्टेशन, एग्रीकल्चर, सूचना एवं प्रसारण जैसे कई सेक्टर में महत्वपूर्ण भूमिका है।

## 43 हजार से अधिक राजस्व प्रकरणों का निबटारा



जिले मे राजस्व महाअभियान के तहत सोमवार तक राजस्व विभाग से संबंधित मामलों में नक्शा शुद्धिकरण, नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरूस्तीकरण और सीमांकन को मिलाकर कुल 43 हजार 515 राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया गया। अधीक्षक भू- अभिलेख डॉ राकेश कुमार ने बताया कि सोमवार को राजस्व महाअभियान के तहत समग्र ई.के.वाय.सी के तहत 41047 प्रकरणों, नयायालय तहसीलवार नामांतरण के 1397 प्रकरण, बंटवारा के 158 प्रकरण, सीमांकन के 775 प्रकरण तथा नक्शा तरमीम के 138 कुल 43 हजार 515 राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया गया। राजस्व अभियान के तहत राजस्व प्रकरणों के निराकरण का सिलसिला निरंतर जारी है। कलेक्टर अवि प्रसाद ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राजस्व महाअभियान के दौरान राजस्व प्रकरणों का निराकरण पूरी संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राजस्व विभाग का यह दायित्व है कि भूमि से संबंधित मामलों का तत्परता से निराकरण हो।

## परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का लाईव प्रसारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

दिल्ली के भारत मंडपम से प्रधानमंत्री के मुख्य आतिथ्य में आयोजित परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का कटनी जिले में भी सीधा प्रसारण देखा एवं सुना गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के छात्रों से परीक्षा से पहले चर्चा की। प्रधानमंत्री ने तनाव के कारण, उससे जुड़े विषयों और उसे दूर करने के लिए स्टूडेंट्स, टीचर्स और पेरेंट्स की सहभागिता पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर जिले भर के विद्यालयो मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के सीधे प्रसारण कार्यक्रम को छात्रों और शिक्षकों द्वारा देखा व सुना गया।



प्रधानमंत्री ने स्टूडेंट्स के सवालों के बहुत ही सहज और सरल तरीके से जवाब दिए। स्टूडेंट्स का मुख्य फोकस परीक्षा के दौरान होने वाला तनाव था, साथ ही उनकी चिंता थी कि कैसे तनाव दूर करने के लिए सकारात्मक माहौल बनाना चाहिए। पीएम ने इसके लिए टीचर्स को बहुत जरुरी सलाह दी। उन्होंने कुछ सवालों के उत्तर में टीचर्स से कहा कि आपका स्टूडेंट्स के साथ रिश्ता पूरे वर्ष रहेगा तो परीक्षा के समय तनाव नहीं रहेगा, टीचर का काम जॉब करना नहीं जिंदगी बदलना है, स्टूडेंट की जिंदगी की संवारना हैं उसे सामर्थ्यवान बनाना है।

उन्होने कहा कि मेरी प्रकृति है कि मैं हर चुनौती को चुनौती देता हूं ,इसके कारण हमेशा कुछ नया सीखने को मिलता है। आज के युग में टेक्नोलाजी के कारण लिखने की आदत कम हो गई है इसलिए आवश्यक है कि छात्र खुद अपनी नोटबुक में कुछ न कुछ लिखे। किसी भी हालत में निर्णायक नही बनें, और एक बार निर्णायक बनने की आदत लग जाती है तो कन्फ्यूजन नही रहता। उन्होने अभिभावको से आग्रह किया कि बच्चो के बीच कभी प्रतिस्पर्ध्दा के बीज न बोए।

### मतदाता सूची को अद्यतन करने व त्रुटि रहित बनाने निर्देश

## संभागायुक्त एवं रोल प्रेक्षक वर्मा ने की मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जबलपुर संभाग के कमिश्नर एवं मतदाता सूची के पुनरीक्षण के लिये भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त रोल प्रेक्षक अभय वर्मा ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित कर मतदाता सूची के पुनरीक्षण पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में कलेक्टर अवि प्रसाद, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी साधना परस्ते, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व महेश मंडलोई, प्रदीप कुमार मिश्रा, राकेश चौरसिया एवं विंकी सिंहमारे उईके सहित अन्य अधिकारियों की मौजदगी रही।

समीक्षा बैठक के दौरान जिले की समान्य निर्वाचन संबंधी जानकारी, चारों विधानसभा अंतर्गत आनें वाली आठ तहसील अंतर्गत कुल 9 लाख 85 हजार 90 मतदाता होनें, तथा कुल 1163 मतदान केन्द्र सहित शहडोल और खजुराहो लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आनें वाली विधानसभा की जानकारी दी गई। बैठक में विधानसभावार मतदाताओं की जानकारी दी जाकर अवगत कराया गया कि जिले की कुल जनसंख्या 15 लाख 67 हजार 91 है तथा कुल मतदाताओं की संख्या 9 लाख 85 हजार 90 है। जसमें पुरूष 5 लाख 3 हजार 837 तथा महिला मतदाता 4 लाख 81 हजार 227 एवं 26 अन्य मतदाता शामिल है। जिले का जेंडर रेशो 955.1 तथा ई.पी. रेशो 62.86 है।बैठक के दौरान जिले में कुल 694 सर्विस वोटर्स होने की जानकारी दी गई जिसमें पुरूष 679 तथा 15 महिला वोटर्स शामिल है। रोल प्रेक्षक श्री वर्मा ने मतदाता सूची को को अद्यतन करनें व त्रुटि रहित बनाने के दिए निर्देश।

बैठक के दौरान विधानसभावार ईपिक कार्डो के वितरण के संबंध में जानकारी चाहे जाने पर अवगत कराया गया कि जिले में अब तक प्राप्त समस्त ईपिक कार्डो का वितरण किया जा चुका है। संभागायुक्त श्री वर्मा द्वारा 18-19 आयुवर्ग के जोडे गये नवीन नामों की विधानसभावार समीक्षा के दौरान लक्ष्य अनुरूप प्रगति नहीं होने पर आगामी समय में भी उक्त कार्य को अनवरत जारी रखते हुए बी.एल.ओ को टारगेट देकर निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान विधानसभावार 10 सबसे ज्यादा नाम जोडे जाने वाले मतदान केन्द्रों तथा 10 सबसे ज्यादा नाम विलोपित किये जाने वो मतदान केन्द्रों की जानकारी सहित 10 सबसे कम जेण्डर रेशो वाले विधानसभावार मतदान केन्द्रों की समीक्षा की जाकर आवश्यक निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने टोल फ्री नंबर 1950 में प्राप्त कुल 60 शिकायतों का निराकरण कर पंचनामा तैयार करनें के निर्देश दिए ताकि आयोग को प्रेषित किया जा सके।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा कर बी.एल.ओ को दिए निर्देश

## संभागायुक्त एवं कलेक्टर ने किया मतदान केन्द्रों का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बी.एल.ओ का कार्य मतदाता सूची मे नाम जोड़ने एवं काटने तक ही सीमित नहीं है, अपितु मतदान का प्रतिशत बढानें हेतु सार्थक प्रयास करना है। मतदान का प्रतिशत बढानें हेतु बी.एल.ओ अपने मोबाईल फोन पर ग्रुप तैयार करें तथा मतदाताओं को मतदान के प्रति प्रेरित करें, इस हेतु मतदाता जागरूकता गतिवधियों का भी आयोजन करना आपका दायित्व है। उक्त निर्देश संभागायुक्त श्री अभय वर्मा द्वारा सोमवार को विधानसभा गुलवारा एवं गनियारी मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान बी.एल.ओ को दिए गये।

आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए रोल प्रेक्षक एवं संभागायुक्त जबलपुर श्री अभय वर्मा एवं कलेक्टर श्री अवि प्रसाद द्वारा सोमवार को कटनी जिले के विधानसभा मुडवारा के शासकीय प्राथमिक शाला गुलवारा के मतदान केन्द्र क्रमांक 259 , 260 तथा शासकीय प्राथमिक शाला गनियारी



के मतदान केन्द्र क्रमांक 258 का निरीक्षण किया। इस दौरान विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान मतदान केन्द्र में वोटिंग का प्रतिशत एवं दिव्यांग मतदाताओं की जानकारी ली जाकर मतदान केन्द्रों के ई.पी.रेशो एवं जेंडर रेशो की की बी.एल.ओ. से जानकारी ली साथ ही मतदान का प्रतिशत बढानें हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के अंतर्गत मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधन हेतु फार्म 6, 7 एवं 8 में प्राप्त आवेदनों पर बीएलओ द्वारा की गई कार्यवाही एवं बी.एल.ए के संबंध में जानकारी ली गई। रोल प्रेक्षक श्री वर्मा द्वारा बी.एल.ओ रजिस्टर का अवलोकन कर आधार नंबर एवं मोबाईल नंबर अपडेट करनें तथा बीएलओ को घर-घर जाकर मतदाता सूची से सर्वे कर छूटे हुए मतदाताओं के नाम सूची में शामिल करने तथा दोहरी प्रविष्टि एवं मृत मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से काटने की कार्यवाही कर मतदाता सूची को शत - प्रतिशत त्रुटि रहित बनाये जानें के निर्देश बी.एल.ओ मुन्नालाल कोल एवं प्रकाश निगम को दिए।

#### व्यवस्थाएं दुरूस्त रखने के निर्देश

निरीक्षण के दौरान मतदान केन्द्रों में फर्नीचर, प्रकाश, पेयजल व्यवस्था, रेम्प प्रवेश एवं निकासी द्वार सहित मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली जाकर समस्त व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी कटनी प्रदीप कुमार मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी बहोरीबंद राकेश चौरसिया, तहसीलदार आशीष अग्रवाल सहित स्थानीय सचिव, सुपरवाईजर की मौजूदगी रही।

## निर्माण एवं विकास कार्यों का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विभिन्न योजनाओं और माध्यमों से स्वीकृत और प्रगतिरत निर्माणधीन अपूर्ण कार्यों को तत्परतापूर्वक गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इस आशय के निर्देश जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने सोमवार को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के विभिन्न ग्रामों में निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को दिए। जिला पंचायत सीईओ श्री गेमावत ने ग्राम पंचायत कुंदरेही,सिजहरा और जिजनोड़ी के ग्राम जटवारा में प्रगतिरत मनरेगा योजना अंतर्गत कंटूर ट्रेंच, सुदूर सड़क और ग्रेवल सड़क निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को तत्परता पूर्वक कार्यवाही करते हुए तकनीकी मानकों के अनुरूप कार्य पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए।

जिला सीईओ श्री गेमावत ने ग्राम पंचायत मुंडेहरा में नवीन तालाब निर्माण हेतु प्रस्तावित स्थल का मुआयना किया। तकनीकी अधिकारियों को बारिश के पर्याप्त जलसंचय की दृष्टि से निर्माण हेतु उचित कार्यवाही के निर्देश दिए।

#### मेट से ली जानकारी

मनरेगा योजना अंतर्गत चल रहे कार्य का निरीक्षण करते हुए जिला सीईओ ने मेट सीमा से चल रहे निर्माण कार्यों की मजदूरी भुगतान, एनएमएमएस उपस्थिति प्रणाली संबंध में चर्चा कर जानकारी ली। इस दौरान जनपद पंचायत के सीईओ ब्रतेश जैन सहायक यंत्री और अन्य अधिकारी कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

## खबर संक्षेप



### विधायक ने किया अंकिता बर्मन को सम्मानित

**सिलौडी।** सिलौडी निवासी अंकिता बर्मन ने पीएससी पास कर नगर पालिका मुख्य कार्यपालन का पद प्राप्त किया । पिछले दिनों मुख्यमंत्री जी ने नैनपुर का नियुक्ति पत्र भी दिया ।विगत दिवस बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने सिलौड़ी में अंकिता बर्मन के निज निवास पहुँचकर अंकिता बर्मन का सम्मान किया साथ ही उनके उज्वल भविष्य की कामना किया । सिलौडी सरपंच पंचो संतोष कुमार ने विधायक जी स्वागत किया । अंकिता बर्मन सिलौड़ी सरपंच एवँ जनशिक्षक संतोष बर्मन की बड़ी बेटी है । इस दौरान चौकी प्रभारी सीता राम बाग़री, मोती हल्दकार ,अजय सिंह की उपस्थिति रही है ।

### स्कूल में आयोजित डांस कार्यक्रम का वीडियो वायरल, होगी जांच

**कटनी।** प्राथमिक शाला पहरुआ में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान स्कूल में पदस्थ शिक्षक और शिक्षिकाएं ये भगवा रंग और मेरे भारत का बच्चा-बच्चा अब जय श्री राम बोलेगा गीत पर थिरकते नजर आए। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चे और अभिभावक एवं स्थानीय लोग भी मौजूद थे। वीडियो वायरल होने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी पृथ्वी पाल सिंह इस वीडियो की निंदा करते हुए इसे अनैतिक करार दे रहे हैं। उनका कहना है की वीडियो के आधार पर जांच और कार्यवाही की जाएगी। सोशल मीडिया पर वायरल इस वीडियो की जमकर आलोचना हो रही है। इस पूरे मामले को लेकर बातचीत करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी पृथ्वी पाल सिंह ने कहा कि मीडिया के जरिए वीडियो के संबंध में मुझे जानकारी मिली है यह बेहद आपत्तिजनक है। वीडियो की जांच करा कर कार्यवाही अवश्य की जाएगी। वायरल वीडियो पहरुआ प्राथमिक स्कूल का है।

### एसपी ने कथा स्थल की व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**कटनी।** राहुल बाग में आगामी 2 फरवरी से 9 फरवरी तक श्रीमद भागवत कथा सप्ताह व दिव्य दरबार का विराट आयोजन किया जाना है। संकट मोचनधाम रानीपुर मऊरानीपुर के पीठाधीश्वर पं ऋषि कृष्णा शास्त्री महाराज श्रीमद भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का विस्तार से वर्णन करेगे तथा दिव्य दरबार में स्वीकृत अर्जी पर लोगों की समस्या का समाधान भी करेगें। दोपहर पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन ने विशाल पंडाल का अवलोकन किया तथा भारी भीड के मद्देनजर यातायात व्यवस्था एवं कथा स्थल में सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश दिये। एसपी ने धार्मिक कार्यक्रम के आयोजक प्रवीण बजाज पप्पू भैया व आस्था परिवार टीम को श्रोताओं के आवागमन वाहन पार्किंग संबंधी जानकारी दी। इस मौके पर एडि एसपी मनोज केडिया, कोतवाली थाना प्रभारी आशीष शर्मा, अभिलाष दीक्षित, टिल्लू सिंघानिया, किशन तीर्थानी, अजय शर्मा, पावस अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

### आज बंद रहेगा मांसाहारी पदार्थो का क्रय विक्रय

**कटनी।** नगर पालिक निगम सीमा अंतर्गत दिनांक 30 जनवरी मंगलवार को गांधी निर्वाण दिवस होने के कारण समस्त पशुवध ग्रह मांसाहारी पदार्थ मुर्गी मछली आदि का क्रय विक्रय बंद रहेगा। उक्त आशय के आदेश आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा दिए गए हैं। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने जानकारी देते हुए बताया गांधी निर्वाण दिवस होने के कारण शहर में मांसाहारी पदार्थ के क्रय विक्रय करने पर पूर्णता प्रतिबंध रहेगा तथा उक्त आदेश का उल्लंघन करने वालों पर कठोर वैधानिक कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी।

---

## पुलिस और नागरिकों के लिए सिरदर्द बने बदमाश, कानूनी शिकंजे से अब तक फरार

# शहरी क्षेत्र में बदमाश सक्रिय, दोपहिया के बाद अब चारपहिया भी कर रहे पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शहरी क्षेत्र में सक्रिय वाहन चोर बेखौफ होकर वाहनों की चोरी कर रहे हैं। दो पहिया वाहन की चोरी तो बड़ी आम हो चुकी है। अब वाहन चोर चार पहिया वाहनों को भी निशाना बनाने लगे हैं। पुलिस की कार्यशैली को चुनौती देते हुए माधव नगर थाना क्षेत्र स्थित सिंधु भवन के पीछे से बीती देर रात वाहन चोर एक लग्जरी कर लेकर रफू चक्कर हो गए। वाहन मालिक की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट तो दर्ज कर ली लेकिन अभी तक चोर पुलिस की पहुंच से कोसों दूर है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक बंगला लाइन निवासी 35 वर्षीय राजकुमार माललखानी की ब्रेजा कार माधव नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कैरेन लाइन में सिंधु भवन के पीछे खड़ी थी। 27 जनवरी की देर रात लगभग 1 बजे अज्ञात चोर कार लेकर चंपत हो गए। पुलिस में वाहन मालिक की शिकायत के आधार पर अज्ञात वाहन चोर के खिलाफ धारा 379 के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। हालांकि चोर अभी तक पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ पाये हैं।

### चोरो का नहीं मिला सुराग

कोतवाली थाना अंतर्गत दोपहिया वाहन चोरी के तीन मामलों में अब तक पुलिस के पास आरोपियों के संबंध में कोई सुराग नहीं है। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज धुंधली होने के कारण चोर की पहचान नहीं हो पा रही है। यही कारण है कि एक महीने से अधिक दो सप्ताह का समय बीत जाने के बाद भी चोर को पुलिस नहीं पकड़ पाई है। कोतवाली थाना प्रभारी आशीष कुमार शर्मा का कहना है कि चोरों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। संदिग्धों से पूछताछ की गई है। फिलहाल चोर के संबंध में कोई सुराग नहीं मिला है।

### यहां से चोरी हुई बाइकें

पुलिस ने बताया कि विजयराघवगढ़ के जिवारा गांव निवासी गोविंद विश्वकर्मा की मोटर साइकिल को स्टेशन रोड से 12 जनवरी को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया था। वहीं 24 दिसंबर 2023 को कछगवां निवासी हेमंत चक्रवती की बाइक कोतवाली थाना क्षेत्र के चांडक हॉस्पिटल के सामने से चोर ने चोर किया था। इसके अलावा झंडाबाजार जैन मंदिर के सामने से जालपा वार्ड निवासी टेकचंद जैन की बाइक 26 नंवबर 2023 को चोरी कर ली गई है। तीनों ही मामलों कि शिकायत कोतवाली पुलिस थाने में की गई है। अब तक चोरों के संबंध में पुलिस को ऐसा कोई ठोस सुराग नहीं मिला है, जिसके आधार पर चोर को पकड़ा जा सके।

### कहीं से भी पार कर देते हैं वाहन

भीड़ भरे इलाके, बाजार, रेलवे स्टेशन और बैंक परिसर सहित सार्वजनिक स्थानों व दुकानों और घरों के सामने खड़े वाहनों को भी चोर ले जा रहे हैं। सक्रिय बदमाश बाइक पर दूर से नजर रखते हैं। बाइक सवार अपनी गाड़ी से थोड़ी दूर हुए नहीं कि चोर कारनामा दिखाने में जरा भी देर नहीं करते। मास्टर चाबी से या किसी अन्य तरीके से बाइक लेकर गायब हो जाते है। देखा गया है कि लोग जल्दबाजी में अपनी बाइक को लाक नहीं करते और खरीदारी करने जुट जाते हैं। इसी लापरवाही का चोर फायदा उठाते हैं। चोरों के पास मास्टर की चाबी होती है, इसका उपयोग बाइक चोरी करने के लिए करते हैं। सक्रिय बदमाश आए दिन कहीं न कहीं से लोगों के वाहन चोरी कर रहे हैं। चोर गिरोह जहां सूने में खड़े वाहनों को निशाना बना रहे हैं तो वहीं बाजारों की पार्किंग से भी मौका मिलते ही बाइक उड़ा रहे हैं जबकि पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पा रही है। वाहन चोर वैसे भी काफी शातिर होता है।

---



## शारदा मॉडल स्कूल में हुआ छात्र छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शारदा मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल बड़वारा के छात्र छात्राओं का राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य विभाग के दल ने जाकर वहां पर उपस्थित छात्र छात्राओं का रूटीन हेल्थ चेकअप किया। उक्त छात्र छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण करने के उपरांत संबंधित आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ रेणुका कोरवते ने बताया कि यहां पर उपस्थित छात्र छात्राओं के स्वास्थ्य आँख,नाक, कान, गला व हीमोग्लोबिन का परीक्षण किया गया। साथ ही इनका रूटीन हेल्थ चेकअप भी किया गया।

इस दौरान 15 को सर्दी खांसी की शिकायत, 2 को खुजली की शिकायत और 2 को खून की कमी होना पाया गया है। जिसके उपरांत उन्हें संबंधित दवाइयां भी प्रदान की गई। के .जी. 2 का छात्र प्रशांत सिंह / अजीत सिंह के हाथ की अंगुली जुड़ी हुई पायी गई जिसे जिला चिकित्सालय के लिए रेफर किया गया।

इस अवसर पर आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ जी एस तिवारी, एल एच वी कुमारी शांति सेन,आशा कार्यकर्ता श्रीमती कृष्णा निगम, नेत्र सहायक राजेश सिंह,एम पी डब्ल्यू राजेन्द्र पटेल एवं स्कूल का स्टाफ भी मौजूद रहा। साथ ही शारदा मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य सतीश द्विवेदी, हर्ष द्विवेदी ने छात्र छात्राओं को स्वस्थ्य रहने के तरीके बताये। चिकित्सा अधिकारी डॉ जी एस तिवारी ने स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत छात्र छात्राओं को तनाव मुक्त वातावरण में परीक्षा देने के विषय में बताया और हेल्थ टिप्स भी दिए ताकि, वे पूरी तन्मयता से परीक्षाएं दे सकें और अच्छे से अच्छे अंक लाकर उत्तीर्ण हो सकें।

---

**उच्च अधिकारियों की अनदेखी से चल रहा मनमानी का खेल**

## विकासखंड शिक्षा अधिकारी दफ्तर में समय पर उपस्थित नहीं हो रहे कर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा




शासकीय कार्यालयों में पदस्थ कर्मचारियों द्वारा समय पर उपस्थित नहीं होने की कार्यशैली में सुधार नहीं हो रहा है। विडंबना यह है कि उच्च अधिकारियों द्वारा इस ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिसके चलते मनमानी कार्यप्रणाली हावी है। बड़वारा विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कुछ इसी तरह की कर्मचारियों की मनमानी हावी है। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कार्यरत कर्मचारी कभी भी समय से अपने कार्य मे उपस्थित नही होते हैं कभी 11 बजे तो कभी 12 बजे आना शगल बन गया है। अधिकतर कर्मचारी बड़वारा में ही अपने निजी आवास में निवास करते हैं उसके बावजूद कार्यालय में कभी भी समय से अपनी उपस्थिति नही देते हैं। सोमवार को भी विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में यही नजारा देखने को मिला दिन में 11 बजकर 11 मिनट पर सूरज यादव एवम एक मेडम के अलावा कोई भी कर्मचारी ड्यूटी में मौजूद नही मिला।

शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों की अनदेखी उदासीनता के चलते कभी भी बड़वारा में विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के निरीक्षण की जहमत नही उठाई गई जिससे इन कार्यालयों में कर्मचारियों की मनमर्जी निर्मित हो गई है। विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में नियमित चार लिपिक पदस्थ हैं जिनमे दो पुरुष व दो महिला लिपिक पदस्थ हैं जिनके द्वारा कभी भी समय से अपने कार्य मे उपस्थिति नही दी जाती। कुछ तो महीने में कभी कभार ही उपस्थित रहते हैं।

इस विषय मे विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी बीआर भगत का कहना है कर्मचारियों की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी आज ही लापरवाह कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी की जाएगी तथा कर्मचारियों के कार्यालय आने जाने की समय सारिणी भी पटल पर लिखवाई जाएगी।

---

## ईवीएम व वीवीपैट मशीनों की एफएलसी



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद की उपस्थिति में सोमवार को लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की एफएलसी (फर्स्ट लेवल चौकिंग) का कार्य कलेक्ट्रेट कार्यालय के पीछे स्थित ईवी एम वेयर हाउस में बेल के इंजीनियर्स के द्वारा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुआ। इस दौरान मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की भी मौजूदगी रही। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी साधना परस्ते नें बताया कि प्रथम लेवल चेकिंग का यह कार्य प्रतिदिन ईवीएम वेयरहाउस में प्रात: 10 बजे से कार्य समाप्ति तक कराया जाएगा।

---



## अतिक्रमण को हटाने कार्यवाही के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर पालिक निगम महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी शहर की अराजक यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिये लगातार प्रयास कर रही है। सोमवार को महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी ने महापौर कक्ष में एक आवश्यक बैठक आयोजित की । बैठक में निगम अतिक्रमण प्रभारी उनकी टीम एवं यातायात पुलिस विभाग को निर्देश दिये गये कि शहर में अराजक यातायात को शीघ्र दुरूस्त किया जाये तथा निगम अतिक्रमण दल व यातायात पुलिस टीम संयुक्त रूप से सडक तक फैले अतिक्रमण को हटाने के लिए नोटिस जारी करे एवं सख्त कार्यवाही कर अराजकता से शहर को छुटकारा दिलाये।

शहर के मुख्य मार्गो में सडक तक फैले बेजा अतिक्रमण को तत्काल हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

महापौर ने शहर के व्यापारी वर्ग एवं आम नागरिकों से अपेक्षा की है कि सभी के सहयोग से शहर की अराजक यातायात व्यवस्था में सुधार हो सकता है। जिन लोगों ने सडक तक अतिक्रमण कर रखा है वे स्वस्फूर्त अपने अतिक्रमण हटाकर सहयोग प्रदान करे और निगम की कार्यवाही से बचे।

---

**साधारण बीमारी है कुष्ठ रोग, छुआछूत से नहीं होता**

## राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत कुष्ठ निवारण दिवस 30 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कुष्ठ निवारण दिवस राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 30 जनवरी को कुष्ठ निवारण दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिसमे महात्मा गाँधी के द्वारा कुष्ठ रोगियों की सेवा के माध्यम से यह संदेश समाज में देने का प्रयास है कि कुष्ठ रोग के प्रति समाज में जो भ्रम, भय, भान्ति, भेदभाव व्याप्त है वह निराधार है। कुष्ठ एक साधारण बीमारी है जो जीवाणु से होता है। अन्य किसी कारण से नहीं कुष्ठ खान पान या छुआछूत से नहीं होता पाप श्राप से नहीं होता कुष्ठ रोग जीवाणु से होने वाली बीमारी है जिसमे चमड़ी के रंग से फीके हल्के बदरंग, पीले या गुलाबी रंग के एक या अनेक दाग होते है। इन दागो में न दर्द होता है न चुभन, न ठंडा लगता है न गरम, ये दाग सूखे सुन्न हो जाते है । किसी - किसी की चमड़ी पर विशेषकर चेहरे पर व अन्य भागो पर तामिया तेलिया चमक, गाठे मोटापन सा लगता है, किसी - किसी को हाथ पैरों में झुनझुनी और सुन्नपन, सूखापन, मोटापन सा लगता है। किसी- किसी को सतही तंत्रिका में मोटापन, सूजन हो जाती है य टटोलने पर उसमे दर्द होता है तो कुष्ठ रोग हो सकता है।

कुष्ठ रोग एक साधारण बीमारी है जो बैक्टीरिया से फैलता है अन्य किसी कारण से नहीं एव समय पर एम.डी.टी. का उपचार लेने पर बिकृति आने की संभावनाये नहीं रह जाती यह एम.डी.टी. की दवाये सभी शासकीय स्वास्थ्य केंद्र पर निःशुल्क प्रदान की जाती है। कुष्ठ रोग के लक्षण जैसे चमड़ी के रंग से फीके, बदरंग, या गुलाबी एक या अनेक दाग का होना और इन दागो में न दर्द होता है न चुभन, न ठंडा लगता है, न गरम इन दागो में सुन्नपन व सूखापन सा लगता हो, उन दागो में पसीना न आता हो, चेहरे पर तेलिया, तामिया चमक हो, कानो में गठान मोटापन सा हो, सतही तत्रिका (नर्व) में सूजन मोटापन सा हो व टटोलने से उसमे दर्द होता हो जलने पर पता न चलता हो पैर के तलवे में घाव हो जाये और घाव भरता न हो हाथो की उंगलियों की पकड़ कमजोर हो जाये, हाथ पैरो में सुन्नपन व सूखापन सा लगता हो तो कुष्ठ रोग हो सकता है।

कुष्ठ रोग के निदान के लिये अपने निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करे जिले के शासकीय जिला अस्पताल में प्रतिदिन इस बीमारी का जाँच व उपचार निःशुल्क किया जाता है उपरोक्त एक भी लक्षण मिलने पर आप अपने पास के आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सीधे जिला चिकित्सालय में संपर्क कर अपनी जाँच करा सकते है यदि आप ग्रामीण क्षेत्र में है तो अपने निकटतम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, उपस्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करके अपनी जाँच करा सकते है। चूकी इस रोग में प्रारंभिक अवस्था में कोई परेशानी नहीं होती इसलिए लोग अपनी जाँच कराने नहीं आते और अपनी बीमारी को लोगो से नहीं बताते जिससे बीमारी बढती जाती है।

आपका यह सहयोग अपने जिले व प्रदेश को कुष्ठ मुक्त की दिशा में एक सराहनीय योगदान रहेगा ।

---

**उत्कृष्ट विद्यालय माधवनगर में हुआ आयोजन**

## विवेकानंद के जीवन एवं दर्शन पर युवा संवाद व्याख्यान माला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





मप्र जन अभियान परिषद जिला कटनी के द्वारा स्वामी विवेकानंदजी के जीवन एवं दर्शन पर जिला स्तरीय युवा संवाद व्याख्यान माला का आयोजन उत्कृष्ट विद्यालय सभागार माधवनगर कटनी में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंदजी के चित्र अतिथियों द्वारा माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया गया। ततपश्चात मंचासीन अतिथियों का स्वागत करते हुये परिचय प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के प्रथमचरण में जिला समन्वयक डॉ तेजसिंह केशवाल द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत की गई।

### राष्ट्र निर्माण मूलमंत्र

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित समाजसेवी, पर्यावरण विद, शिकागो स्कूल के संचालक मोहनदास नागवानी के अपने उदबोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद के कार्यशैली व सोच मप्र जन अभियान परिषद के समान ही है, दोनों ने युवाओं को केन्द्र में रखकर उनकी क्षमतावृद्धि के लिये कार्य किया है। स्वामी जी अपने एवं समाज के मूल्यों में अभिवृद्धि करने से ही अच्छे व्यक्तित्व अच्छे समाज एवं अच्छे राष्ट्र के निर्माण को मूलमंत्र मानते थे। उन्होंने बताया कि स्वामी शतावधानी पुरूष थे । यह विशेषता बहुत कम लोगो में पाई जाती है।

विशिष्ट अतिथि प्रफुल्ल कुमार सोनी जिला समन्वयक गायत्री परिवार द्वारा स्वामी जी द्वारा स्व मूल्यांकन व शिकागों धर्म सभा में शून्य की वेल्यू व धर्म के मूल्य की अवधारणा पर दिये उदबोधन की व्याख्या को समझाया।

प्रधान आर्य समाज जिला कटनी अश्विन सहगल द्वारा धर्म सम्मेलन में स्वीकृति अपने शब्दों द्वारा उपस्थित विदेशी श्रोताओं को आतिथ्य से बाँधकर मंत्र मुग्ध कर दिया । स्वामी जी ने राष्ट्र को सर्वोपरि माना हम तभी रहेंगे दृ जब हमारा राष्ट्र होगा। अपने राष्ट्र अपनी परंपरा, संस्कृति पर अभिमान ही हमें स्वाभिमानी बनायेगा।

### इनका रहा सहयोग

कार्यक्रम का संचालन विकासखण्ड समन्वयक बालमुकुन्द मिश्र द्वारा किया गया। आयोजन में नवांकुर संस्थाओं, प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधि, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठयक्रम के परामर्शदाता व छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लेखापाल रविकांत श्रीवास्तव, अमित तिवारी, रामानुज पाण्डेय, संयोगिता मिश्रा व सुरेन्द्र शुक्ला का विशेष सहयोग रहा।

---

## रूपयों के लेन देने को लेकर मारपीट में दोनो पक्ष घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बड़वारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली एक रेत खदान में विगत रात्रि एक वाहन मालिक का विवाद रेत खदान में मौजूद कर्मचारियों से रूपयों के लेनदेन को लेकर हो गया। जिसके चलते दोनों ही पक्षों के बीच मारपीट हुई। मारपीट में दोनों ही पक्ष के लोग घायल भी हुए। घटना के बाद बड़वारा थाने में शिकायती पत्र भी दिया गया। लेकिन बाद में आपसी सुलह से मामला थाने के बाहर ही खत्म कर लिया गया। इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं सरगम रही। चर्चाओं की माने तो विवाद के दौरान हवाई फायर भी हुई है। हालांकि हवाई फायर जैसी कोई शिकायत दोनों ही पक्षों में से किसी ने भी बड़वारा थाने में दर्ज नहीं कराई है। प्राप्त शिकायतों के आधार पर पुलिस प्रकरण की जांच कर रही है।

बड़वारा थाना प्रभारी अनिल यादव ने घटना के संबंध में बातचीत करते हुए बताया कि शनिवार रात ग्राम झलवारा निवासी संजू पटेल का हाईवा वाहन सांधी रेत खदान में रेत लोड करने पहुंचा था। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच रॉयल्टी की राशि के लेनदेन को लेकर विवाद हुआ। थाने में दी गई शिकायत में यह उल्लेख किया गया है कि रॉयल्टी की राशि 26000 रुपए की बजाय 26600 मौजूद रेत कर्मचारियों के द्वारा मांगी जा रही थी। जिस बात को लेकर दोनों ही पक्षों में कहा सुनी होने लगी। जिसके चलते विवाद हो गया। घटना के बाद दोनों ही पक्षों ने लिखित शिकायत थाने में दी है। शिकायत के आधार पर प्रकरण की जांच कराई जा रही है।

सूत्र बताते हैं कि विवाद और मारपीट की इस घटना में शिकायती पत्र देने के बाद दोनों ही पक्षों ने आपसी समझौता कर लिया है। पुलिस इस पूरे मामले में दोनों ही पक्षों से पूछताछ करते हुए अग्रिम कार्यवाही करने में जुटी हुई है।

**खबर संक्षेप**

## हैण्ड पम्प बने शोपीस मरम्मत के नाम पर फर्जीवाड़ा

**पन्ना।** जिले में अधिकांश हैण्ड पम्प खराब होने की वजह से शोपीस बन कर रह गए हैं। मरम्मत के नाम पर पीएचई विभाग के कुछ अधिकारियों और ठेकेदारों के द्वारा फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। यही हाल स्कूलों में लगे हैण्ड पम्पों के हैं नल कनेक्शन नहीं होने और हैण्ड पम्प खराब होने से बच्चों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है। पन्ना नगर के शासकीय विद्यालय रमतलैया, शासकीय विद्यालय हिरणबाग, शासकीय विद्यालय बल्देव मंदिर आदि के हैण्ड पम्प खराब होने से बच्चों को परेशानी होती है।

## नगर परिषद में फहराया ध्वज

**पटेरा।** नगर परिषद कार्यालय में अध्यक्ष कमलरानी/ दुलीचंद अहिरवार ने उपाध्यक्ष दीपक ताम्रकार की उपस्थिति में ध्वज फहराया। राष्ट्रगायन कर मिष्ठान्न वितरण किया गया। इस अवसर पर पार्षदगण व नगर के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने किये जिला जॉच अधिकारी नियुक्त

# राजस्व अभिलेख में इंद्राज त्रुटियों को ठीक करने महाअभियान 29 फरवरी तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और राजस्व अभिलेख में इंद्राज त्रुटियों को ठीक करने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए राजस्व विभाग द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार एक महा-अभियान का आयोजन 15 जनवरी से 29 फरवरी 2024 तक किया जा रहा है। कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने कहा महा-अभियान का उद्देश्य राजस्व न्यायालयों (RCMS) में लम्बित प्रकरणों (नामांतरण, बँटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरूस्ती इत्यादि) का समय-सीमा में निराकरण (राजस्व अधिकारियों द्वारा 31 दिसम्बर 2023 की स्थिति में समय सीमा पार कर चुके लंबित प्रकरणों को चिन्हित किया जाए तथा न्यायालय में नियमित सुनवाई कर निराकरण किया जाए), तथा यहच सुनिश्चित किया जाए कि अभियान अवधि में 06 माह से अधिक 30 जून 2023 तक दर्ज स्थिति कें लंबित प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण हो। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा नये राजस्व प्रकरणों को आर.सी.एम.एस. पर दर्ज कराना (प्राप्त प्रकरण में अविवादित नामांतरण होने की स्थिति में एक माह की समय सीमा के भीतर निराकरण किया जाये, बटवारा अविवादित होने की दशा में तीन माह में निराकरण हो तथा प्रमाण पत्र प्रेषित किया जाए की निराकृत प्रकरणों का अभिलेख में अमल हो गया है), नक़्शे पर तरमीम, पीएम किसान का सेचुरेशन एवं समग्र का आधार से ई-केवाईसी और खसरे की समग्र/आधार से लिंकिंग सहित आमजन की राजस्व से संबंधित समस्याओं का निराकरण करना है। उक्त महाअभियान में राजस्व रिकॉर्ड का वाचन, समग्र ई-केवाईसी तथा समग्र से खसरे की लिंकिंग, आरसीएमएस पोर्टल पर प्रकरण दर्ज करना, आरसीएमएस पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करना, उत्तराधिकार नामांतरण, सीमांकन, एवं नक्शे मे तरमीम आदि गतिविधियाँ सम्पादित की जायें।

### जिला जॉच अधिकारी नियुक्त

समस्त गतिविधियों की न्यायालयवार जांच एवं महाभियान के संचालन की समीक्षा हेतु कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने अपर कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) का रोस्टर जारी किया गया है। जिसके अनुसार 29 जनवरी से 03 फरवरी 2024 तक के लिये अनुभाग न्यायालय दमोह एवं पथरिया के लिये अपर कलेक्टर मीना मसराम एवं अनुभाग न्यायालय तेंदूखेड़ा एवं हटा के लिये संयुक्त कलेक्टर अविनाश रावत को जिला अधिकारी जांच कर्ता (अ.वि.अ. (रा.) तहसीलदार/नायब तहसीलदार न्यायालय) नियुक्त किया गया है। अनुभाग नयायालय दमोह अंतर्गत तहसील/नायब तहसीलदार न्यायालय दमोह एवं दमयंती नगर के लिये एसडीएम हटा रीता डेहरिया एवं अनुभाग न्यायालय पथरिया अंतर्गत तहसील/नायब तहसीलदार न्यायालय पथरिया एवं बटियागढ़ के लिये एसडीएम तेंदूखेड़ा ब्रजेश कुमार सिंह को तहसीलदार/नायब तहसीलदार कोर्ट के जांच कर्ता अधिकारी नियुक्त किया है। इसी प्रकार अनुभाग न्यायालय तेंदूखेड़ा अंतर्गत तहसील/नायब तहसीलदार न्यायालय तेंदूखेड़ा एवं जबेरा के लिये एसडीएम दमोह राजललन बागरी एवं अनुभाग न्यायालय हटा अंतर्गत तहसील/नायब तहसीलदार न्यायालय हटा एवं पटेरा के लिये एसडीएम पथरिया निकेत चौरसिया को तहसीलदार/नायब तहसीलदार कोर्ट के जांच कर्ता अधिकारी नियुक्त किया है। जारी रोस्टर अनुसार जांच उपरांत जांच कर्ता अधिकारी कलेक्टर के समक्ष 05 फरवरी 2024 को पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे।

## 10 मरीजों के मोतियाबिंद के सफल ऑपरेशन

**दमोह।** जिला अस्पताल दमोह में डॉक्टर सुधा राय द्वारा 10 मरीजों के मोतियाबिंद के सफल ऑपरेशन किये गये। उन्होंने कहा ऑपरेशन के बाद मरीजों की खुशी के पल और उनकी दुआएं कभी खरीदी नहीं जा सकती, बल्कि कठिन मेहनत व विश्वास के बाद मिलती है। प्रभु हमेशा उन्हें खुश रखें स्वस्थ रखें मेरी यही प्रार्थना हैं। डॉ. राय कहती हैं कि विभाग के समस्त स्टॉफ का हमेशा सराहनीय सहयोग रहता है। साथ ही गणतंत्र दिवस के अवसर पर डॉक्टर राजेश नामदेव, सिविल सर्जन डॉ. विशाल शुक्ला, डॉक्टर सुधा राय, डॉ. राकेश राय, डॉ. मनीष संगतानी, दीप्ती, शैलेश, अखिलेश एवं समस्त स्टॉफ द्वारा मरीजों को फलों का वितरण किया गया।

# उदघाटन मैच में दमोह ने हिण्डोरिया को हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया



नगर के जागेश्वर नाथ विद्यालय मैदान पर श्रीराम क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में आयोजित जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच बड़ी देवी क्लब दमोह ने आजाद हिंद क्लब हिण्डोरिया को चार विकेट से हराकर जीत लिया। हिंडोरिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 14 ओवर में सात विकेट होकर 138 रन बनाए। जबाब में दमोह की टीम ने 13 ओवर में 6 विकेट खोकर 140 रन बनाते हुए यह उदघाटन मैच चार विकेट से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच दमोह टीम के सोनू को दिया गया। मैच में अंपायर सतीश एवं राजन सस्कोरर अजय रहे। मैच मे मुख्य अतिथि विधायक उमा देवी खटीक, सुजान सिंह- जनपद उपाध्यक्ष, राम सिंह ठेकेदार, पार्षद हबीब राजा, लक्ष्मण पटेल, गणेश सिंह, हल्कू सिंह, अन्नु राजपूत,वसंत सिंह, देव सिंह, कालूराम अहिरवार सहित इस मौके पर बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# वन स्टॉप सेंटर दमोह में विधिक साक्षरता शिविर सम्पन्न

**दमोह।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष रेणुका कंचन एवं जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बुज पाण्डेय के मार्गदर्शन में वन स्टॉप सेंटर दमोह में महिलाओं के कानूनी अधिकारों के संबंध में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में तृतीय जिला न्यायाधीश महिमा कछवाहा, प्रशासक अन्जू सिंह, रूपाली नायक, सहित समस्त स्टॉफ, महिलायें व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। तृतीय जिला न्यायाधीश महिमा कछवाहा ने



अपने उद्बोधन में कहा कामकाजी महिलाओं का शोषण न हो इसके लिये कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम बनाया गया है, जिसके तहत प्रत्येक कार्यस्थल पर एक टीम गठित की जायेगी और यदि कोई पुरूष किसी महिला का शोषण करता है, तो उसकी शिकायत कमेटी के समक्ष रखी जायेगी जिसका निराकरण किया जायेगा। इसके साथ ही उन्होंने भरण-पोषण, घरेलू हिंसा आदि विषय पर भी विस्तृत जानकारी दी एवं महिलाओं द्वारा पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दिये। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया द्वारा महिलाओं को पीड़ति प्रतिकर योजना, परिवार विवाद समाधान एवं मीडियेशन विषय पर विस्तृत जानकारी देते हुये बताया गया कि यदि कोई व्यक्ति के साथ अपराध होता है तो उसके पुनर्वास हेतु प्रतिकर योजना संचालित है, जिस हेतु वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर सकते है। इसके साथ ही समाधान आपके द्वारा योजना अंतर्गत निराकृत होने वाले प्रकरणों के संबंध में भी जानकारी दी गई।

# मुनि संघ का तेंदूखेड़ा में आहारचर्या के बाद हुआ विहार



**तेंदूखेड़ा।** संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी के परम प्रभावक शिष्य निर्यापक श्रमण श्री अभय सागर महाराज जी एवं निर्यपक श्रमण संभवसागर जी पंच मुनिराज ससंघ का नगर में सोमवार को भव्य आगमानी की गई। आगमन के बाद मंगल प्रवचन हुए। मुनि श्री को आहार कराने का परम सौभाग्य जिनमें पूज्य निर्यापक मुनि श्री 108 अभय सागर जी महाराज का आहार ब्रह्मचारिणी मंजूला दीदी छोटू भैया परिवार, पूज्य निर्यापक मुनि श्री 108 संभव सागर जी महाराज का आहार नीलू भैया माता पिता परिवार (खेरे वाले), पूज्य मुनि श्री 108 निरोग सागर जी महाराज का आहार नेहा दीदी (हर्रई वाला परिवार), पूज्य मुनि श्री 108 नीरज सागर जी महाराज का आहार रिंकू गोयल परिवार, पूज्य मुनि श्री 108 निरीह सागर जी महाराज का आहार आशीष श्रीजी परिवार में संपन्न हुआ। दोपहर 1 बजे जबलपुर की ओर विहार हुआ। जहाँ रात्रि विश्राम कोनी जी में होगा एवं मुनि श्री का विहार निरंतर डोंगरगढ़ छत्तीसगढ़ के लिए अपने गुरु वंदना के लिए चल रहे है।

# शाला प्रभारी ने किया ध्वजारोहण



**दमोह।** अखिल भारतीय महिला परिषद नसिया शाखा दमोह के द्वारा गणतंत्र दिवस पर शासकीय प्राथमिक शाला सुभाष कॉलोनी दमोह में कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर सर्व प्रथम शाला की प्रभारी प्रधान अध्यापिका श्रीमती साधना बिरथरे ने ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात राष्ट्रीय गान हुआ 1 शाला प्रभारी श्रीमती साधना बिरथरे ने अखिल भारतीय महिला परिषद की केंद्रीय संरक्षिका एवं प्रांतीय सह सचिव श्रीमती रोहिणी जैन तथा प्रांतीय अध्यक्ष श्रीमती आशा चौधरी का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती कामना तिवारी ने शाला प्रबंध समिति की अध्यक्ष श्रीमती गीता रैकवार का स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्राओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। तत्पश्चात श्रीमती रोहिणी जैन ने बच्चों को गणतंत्र दिवस का महत्त्व बताया।अखिल भारतीय महिला परिषद नसिया शाखा द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला सुभाष कॉलोनी को छह कुर्सियां प्रदान की गई। इस अवसर पर शाला प्रबंध समिति की सभी सदस्य एवं महिला परिषद की समस्त सदस्य उपस्थित थीं कार्यक्रम के अंत में श्रीमती साधना बिरथरे ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अखिल भारतीय महिला परिषद नसिया शाखा दमोह को विद्यालय हेतु कुर्सियां प्रदान करने हेतु धन्यवाद व्यक्त किया बच्चों को मिष्ठान वितरण के पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ।

## संसार की व्यथाओं को मिटाती है श्रीकृष्ण कथाः पं. आशीष कृष्णजी

**बनवार।** समीपस्थ ग्राम हरदुआ सुम्मेर चौपरा में भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुई श्रीमद् भागवत कथा। समस्त ग्रामवासी बैंड बाजों के साथ सभी ग्राम के देवताओं को आमंत्रित करके भव्य शोभायात्रा के साथ कथा पंडाल में भागवत कथा प्रारंभ हुई कथा के प्रथम दिवस में कथा व्यास आचार्य आशीष कृष्ण शास्त्री जी ने कहा की भगवान को प्राप्त करने के लिए मन को स्थिर करना बहुत जरूरी है क्योंकि मन के हरे हार है मनके जीते जीत, मन ही मिलावत राम से मन ही करात फजीत।। इसलिए मन को जीतने के लिए पहले आसन पर विजय प्राप्त करो ,दूसरा स्वांस स्वांस पर भगवान का स्मरण करो, तीसरा संग अच्छा करो सत्संगी बनो और चौथा अपनी दसों इंद्रियों को संयमी बनाओ तब मन स्थिर होगा और यह भगवान की श्री चरणों में लगेगा प्रथम दिवस भागवत महात्म की कथा को बड़े ही सरस और सहज सरलता के साथ सुनाया कथा में बड़ी संख्या में गांव के एवं आसपास के श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

## छात्र-छात्राओं ने प्रधानमंत्री का संबोधन सुना



**पटेरा।** पटेरा के शा. उत्कृष्ट विद्यालय विद्यालय पटेरा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्चुअल कार्यक्रम छात्रों द्वारा सुना एवं देखा गया। परीक्षा की तैयारी मे छात्र और छात्राओं से वर्चुअल क्लास के माध्यम से सवाल जवाब किया और परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए उन्होंने मार्गदर्शन भी किया। यह कार्यक्रम देखकर छात्र और छात्राओं में उत्साह देखा गया। समस्त शिक्षक और स्टाफ मौजूद रहे।

## परीक्षण शिविर का आयोजन



**दमोह।** किशोर हेल्थ एंड वेलनेस दिवस के अन्तर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंगपुर में स्वास्थ्य शिविर परीक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग से नेहा सोनी (सी.एच. ओ.) रागिनी चौरसिया ( ए .एन. एम. ), प्राचार्य एवं सभी स्टॉफ का योगदान रहा।

# पटेरा में जनपद अध्यक्ष ने मुख्य समारोह में किया ध्वजारोहण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

सभी शासकीय विद्यालय में ध्वजारोहण के पश्चात विद्यार्थी जुलूस के रूप में हाथों में तिरंगा लेकर गांधी चौक पहुंचे। परंपरानुसार गांधी चौक पर जनपद अध्यक्ष मल्लो बाई ने ध्वज फहराया। सामूहिक राष्ट्रगान हुआ। मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन पंचायत निरीक्षक अंगद सिंह ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों एवं निर्वाचन कार्य उत्कृष्ट कार्य करने वाले मास्टर ट्रेनर को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर तहसीलदार सब शर्मा थाना निरीक्षक रविंद्र सिंह बागरी, दिलीप उपाध्याय, पूर्व जनपद अध्यक्ष बद्री पटेल, कमल रानी अहिरवार, दीपक ताम्रकार, सावित्री उपाध्याय, मधु दुबे, नीतू उपाध्याय, सरस्वती हरप्रसाद चौरसिया, पुष्पेंद्र सोनी, राजा ताम्रकार, दीपक उपाध्याय, पं दयाशंकर चौबे, उत्तम सींग, राजेंद्र



सिंह, हाकम सिंह, नरेंद्र बजाज, महेश ताम्रकार, सौरभ ताम्रकार, कमलेश नामदेव, अभिषेक, पवन पालीवाल, विजय बजाज, बलराम पटेल, चित्तर सींग, विजय ताम्रकार, ओपी पौराणिक स्कूलों के सभी शिक्षक स्टाफ विद्यार्थी व नगर के गणमन नागरिक व आम जनमानस बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### व्यवस्था सराही गई

गणतंत्र दिवस पर ध्वज बंधन तो परंपरा अनुसार हुआ परंतु इस वर्ष साफ सफाई गांधी चौक की पुताई करवाने के साथ ही टेंट लगाकर अतिथियों को बैठने सोफा सेट व कुर्सियों की व्यवस्था की गई थी। विद्यार्थियों को बैठने की व्यवस्था नहीं थी। उपस्थित लोगों ने विद्यार्थियों के बैठने व सामूहिक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने की मंशा जाहिर की। नपा ने सफाई तो जनपद सीईओ के निर्देशन में टेंट व कुर्सियों सहित पूरी व्यवस्था लेखाधिकारी ओपी पौराणिक व जनपद की टीम ने की। तहसीलदार श्री शर्मा की इसमें विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन मुन्ना अवधिया व आभार मुलायम सिंह ने माना।

# टीम अग्नि ने पाई विजयश्री



**दमोह।** माइसेम क्रिकेट प्रीमियर लीग 2024 को सफलतापूर्वक समाप्त किया गया, जिसमें टीम अग्नि टूर्नामेंट में विजय प्राप्त की। टूर्नामेंट में छह टीमें भाग लिया जिनमें अग्नि, जल, तेजस, वायु, भूमि, और आकाश। टूर्नामेंट में आईपीएल प्रारूप का पालन किया गया, जिसका परिणामस्वरूप अग्नि और भूमि के बीच एक तीव्र फाइनल मैच हुआ जिससे दर्शकों को रोमांचक मैच का आनंद लेने को मिला जब दोनों टीमें शानदार प्रदर्शन प्रदर्शित कर रही थीं। फाइनल का हाइलाइट राजुल गौतम की अद्वितीय व्यक्तिगत स्कोर 149*, जो टूर्नामेंट का सबसे उच्च था। यह टूर्नामेंट डीएवी स्कूल ग्राउंड, नरसिंगढ़ में हुई।

## ग्रामीण क्षेत्र में लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर



**मड़ियादौ।** जिला आयुष अधिकारी के निर्देशन में एकल अभियान आरोग्य योजना के तहत ग्राम पंचायत मादो में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ राजकुमार पटेल के मार्गदर्शन में स्वस्थ्य शिविर में 361 मरीजों ने निशुल्क स्वस्थ का लाभ लेते हुए जांचकर दवा वितरण की गई। आयुष औषधालय में पदस्थ डॉ. प्रदीप कुमार तंतुवाय आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी , राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम हटा प्रभारी सचिन अग्रवाल आयुष चिकित्सा अधिकारी ने सभी मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करवाया एवं घनश्याम तंतुवाय द्वारा दवा वितरण करवाया स्वस्थ शिविर में ग्राम पंचायत सरपंच लक्ष्मण सिंह लोधी , भरत सिंह द्वारा शिविर में विशेष सहयोग रहा।

# हिण्डोरिया ने हिनौती को फाईनल मे हराकर सरपंच कप पर किया कब्जा

### एम.एस. शेरा को बेस्ट फील्डर का खिताब मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया



ग्राम हिनौती में आयोजित जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबला में हिंडोरिया इलेवन की टीम ने आयोजक हिनौती की टीम को उसी के मैदान मे उसी की समर्थक जनता के सामने हराकर चमचमाते हुये सरपंच कप पर कब्जा जमाया। टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए हिनौती की टीम ने निर्धारित 16 ओवर में सभी 10 विकेट खोकर 175 का विशाल स्कोर बनाया। हिण्डोरिया की ओर से मक्खन विश्वकर्मा ने चार विकेट रवि एवं सतीश विश्वकर्मा ने दो-दो विकेट एवं पप्पू एवं शरद चौरसिया ने एक-एक विकेट हासिल किया। जवाब में हिंडोरिया की टीम ने मात्र 7 विकेट होकर नियत लक्ष्य को 13 ओवर मे हासिल कर लिया गया। जिसमे रवि ने 65 रन ,सतीश ने 42 रन एवं राहुल ने 25 रनों का बहुमूल्य योगदान दिया। फाइनल मैच का मैन ऑफ द मैच रवि एवं मैन ऑफ द सीरीज मक्खन विश्वकर्मा हिंडोरिया को दी गई। वहीं हिंडोरिया टीम के एम.एस. शेरा को बेस्ट फील्डर के अवार्ड से नवाजा गया। मुख्य अतिथि राघवेंद्र सिंह जिला पंचायत सदस्य , जितेंद्र सिंह-सरपंच हिनौती, जगत सिंह बीडीसी, अंपायर गब्बर सिंह, दीपक सिंह, स्कोरर जितेंद्र विश्वकर्मा एवं कमेंटेटर सौरभ सिंह मौजूद रहे। प्रतियोगिता में आयोजक कमल सिंह, बालवीर सिंह, राहुल सिंह, नित्तू सिंह, देशराज सिंह गिलर विश्वकर्मा आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## खबर संक्षेप

### सहायक ग्रेड-3 सेवा से पदच्युत करने के आदेश जारी

**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सरोजनी जेम्स बैक ने परिवीक्षा अवधि में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 नेहा कौल को म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम-1966 के तहत तथा नियुक्ति आदेश की शर्त क्रमांक 07 के उल्लंघन को दृष्टिगत रखते हुये सेवा से तत्काल प्रभाव से पदच्युत (डिसमिस) किये जाने का आदेश जारी किया है। ज्ञातव्य है कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की सहायक ग्रेड-3 नेहा कौल नियत कर्तव्य स्थल से उपस्थिति 15 जून 2017 से निरंतर बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के कारण म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के उप नियम (1),(i),(ii),(iii) तथा नियम-7 का उल्लंघन कर कार्य के प्रति कर्तव्य परायण एवं सनिष्ट नहीं रहते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही की भागी बन गई है।

### शहीदों की स्मृति में रखा जायेगा 2 मिनट का मौन

**दमोह।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों की स्मृति में आज 30 जनवरी को मौन धारण किया जायेगा। कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने जिले के समस्त कार्यालय प्रमुखों से कहा है 30 जनवरी को प्रातः 11 बजे 2 मिनट का मौन धारण हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा 30 जनवरी को प्रातः 11 बजे पूरे देश में मौन रखा जायेगा तथा काम अन्य गतिविधियों को रोक दिया जायेगा। जहां कही संभव हो, दो मिनट के मौन की अवधि शुरू होने तथा समाप्त होने की सूचना सायरन बजाकर या आर्मी गन से दी जायेगी। सायरन 10:59 बजे से 11 बजे तक पुनः क्लियर सायरन बजाए जायेगें। जहां सायरन उपलब्ध हो वहां यह कार्यविधि अपनाई जाए। सिग्नल सुनकर सभी व्यक्ति खड़े हो जाये और मौन धारण करेगें।

### पूरन पटेल को पुत्र शोक

**पटेरा।** नगर के पटेल समाज के प्रतिष्ठित सेवानिवृत्ति समिति प्रबंधक पूरन पटेल के पुत्र पुष्पेंद्र पटेल का आकस्मिक निधन हो गया। समाचार मिलते ही सर्वत्र शोक व्याप्त हो गया। सभी वर्ग के नागरिको ने अंतिम संस्कार में भाग लेकर शोक संवेदना प्रकट की।

### पंचकल्याणक महोत्सव में पहुंचकर राज्यमंत्री ने मुनिश्री से लिया आशीर्वाद

# विश्वशांति के लिए अहिंसा परमो धर्मः को अपनाना होगाः राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जंगल की घनी वादियों के बीचों बीच बसे बटियागढ़ विकासखंड के ग्राम सादपुर में चल रहे पंचकल्याणक महा महोत्सव के दूसरे दिवस प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी महोत्सव में सम्मिलित हुए जहां उन्होंने जैन मुनि संत श्री विरंजन सागर जी महाराज को श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद लेकर महोत्सव का जायजा लिया। महा महोत्सव में आयोजक मण्डल द्वारा राज्यमंत्री श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी का शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। इस मंगल अवसर पर राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा कि जैन तीर्थंकरों के द्वारा जो अहिंसा परमो धर्मः, जियो और जीने दो का सिद्धांत दिया है उसी से विश्व में शांति संभव है, आज एक देश दूसरे देश पर निरंतर हमला कर रहा, हम पड़ोस में भी शांति से नहीं रह पा रहे है, स्वयं शांति और आत्म शांति के लिए जरूरी है कि जैन सिद्धांत अपने जीवन में उतारे, यह बात आज मध्यप्रदेश शासन के राज्य मंत्री धर्मेन्द्र सिंह ने वनांचल गांव सादपुर में पंचकल्याणक महा महोत्सव में सम्मिलित होते हुए धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही, उन्होने कहा कि छोटे से गांव में जहां संसाधन सीमित है, समाज कम है वहां इतने बडा आयोजन होना बडी बात है। तीर्थंकरों ने जो सिद्धांत दिया वह विश्व शांति के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। विश्व के कई देशों के बीच प्रतिद्वंदिता और धर्मो के बीच टकराव की स्थिति है। ऐसे में अहिंसा परमो धर्म का सिद्धांत विश्व को शांति देने वाला है। जिओ और जीने दो की परिकल्पना से ही विश्व में शांति स्थापित की जा सकती है। सत्य एक ही है, विद्वान जन अलग अलग तरीकों से उसकी व्याख्या करते हैं। सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे संतु निरामया हमारी भारतीय संस्कृति है। उन्होंने कहा यह हमारी संस्कृति की विशेषता ही है कि हम सारे संसार को अपना कुटुंब मानते हैं। राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह ने आयोजक कमेटी को धन्यवाद देते हुए कहा कि आप लोग बधाई के पात्र हैं जो सादपुर जैसी छोटी जगह में पंचकल्याणक महोत्सव का यह बृहद कार्यक्रम आयोजित किया है।

### पर्यावरण व राजस्व को भारी क्षति....

# दर्रा नाले में माफियाओं द्वारा अवैध पत्थर खनन जोरों पर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मड़ियादौ

मड़ियादौ कस्बे से 2 किलोमीटर दूर वर्धा मार्ग पर दर्रा नाले में खनन माफियाओं द्वारा अवैध पत्थर निकालकर ट्रैक्टर ट्राली में परिवहन कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार कस्बे के दर्रा नाले में लगभग 15 दिनों से माफियाओं द्वारा अवैध पत्थर परिवहन कर राजस्व विभाग एवं पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचने में लगे हुए हैं। ग्रामीणों की माने तो इधर क्षेत्र पन्ना टाइगर रिजर्व से जुड़ा जो रातों-रात अधिकारियों की मिली भगत से अवैध पत्थर खनन जोरों पर चलता है लेकिन इन ट्रैक्टर ट्राली पर अवैध पत्थर भरकर ले जाने वाले माफियाओं विभाग ने एक भी कार्यवाही नहीं की है। इधर दर्रा नाले मैं पन्ना टाइगर के क्षेत्र सहित राजस्व विभाग को माफियाओं ने इतना नुकसान पहुंचाया कि देखने में हकीकत तसबीर वया कर रही है। गौरतलब है कि मडियादो कस्बे में चारों ओर अवैध माफियाओं द्वारा रात में लाल रेत से लेकर अवैध पत्थर खनन जोरों पर चलता रहता है जिसको लेकर पुलिस विभाग , व पन्ना टाइगर रिजर्व के अधिकारी कार्रवाई करने में परहेज करते नजर आते हैं। लेकिन माफिया तो राजस्व विभाग व पन्ना टाइगर रिजर्व को खुलेआम छती पहुंच रहे हैं । इधर क्षेत्र में अगर रात में अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जाए तो 2 - 4 माफिया के ट्रैक्टर ट्रालियों पर अवश्य कार्यवाही होगी लेकिन मुनाफा के चक्कर में अधिकारियों को कोई कार्रवाई करने में रुचि नहीं है। वही युवा वर्ग के लोगों की अपील है कि इन माफियाओं के ट्रैक्टर ट्रालियों पर रातों में पकड़कर कार्यवाही होनी चाहिए ताकि आगे को इस तरह पर्यावरण विभाग को छती ना पहुंच सके।

## असाटी भवन में चल रही श्रीमद्भागवत कथा सुनने उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़



**दमोह।** असाटी संस्कार भवन में सकल असाटी समाज द्वारा श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस कथा व्यास आचार्य श्री हरे कृष्ण दास ब्रह्मचारी जी महाराज ने पृथु चरित्र, पुरंजनोपाख्यान, प्रियव्रत, ऋषभदेव, भरत, वृत्रासुर एवं प्रहलाद चरित्र पर विशेष प्रकाश डालते हुए कहा मरने के समय हमारे जैसे भाव, चिन्तन आदि होंगे. उसी के अनुसार हमारा अगला जन्म होगा। जैसे राजा भरल अपनी तपस्या एवं भजन प्रभाव से सिद्ध हो गये थे, परन्तु मरते समय एक हिरण का चिन्तन होने से उनका अगला जन्म हिरण का हुआ एवं हिरण को मरते समय अपने पालक भरत का चिम्लन रहा, तो उसे मनुष्य जन्म प्राप्त हुआ। अतः निरन्तर श्री कृष्ण का स्मरण, चिन्तन, मनन करना चाहिये जिससे तद्नुसार हमें भगवान की प्राप्ति हो सके. श्री प्रहलाद चरित्र पर आपने कहा कि श्रीगुरु नारद जी की कृपा से उन्हें श्रीभगवान्-के लत्त्व-सर्वज्ञ, सर्वत्र, सर्वदृष्टा एवं सर्वकर्ता का पूर्ण ज्ञान एवं विश्वास था। इसलिये प्राण घातक अनेक उद्यमों के द्वारा हिरण्यकशिपु प्रहलाद जी का बालबांका भी नहीं कर सका. उन्होंने कभी अपने इष्ट श्री हारे को अपनी रक्षा हेतु नहीं पुकारा इसलिये प्रहलाद जी श्री बारे के सर्वश्रेष्ठ ज्ञानी-भक्त की श्रेणी में अग्रगण्य हैं।

## 11 केवी की लाईन के तार से करेंट लग जाने के कारण युवक की मौत



**तेंदूखेड़ा।** नगर की गौशाला में लगभग साढे 2 बजे ट्रैक्टर की ट्राली में गोवर की खाद भरते समय हाईटेंशन लाईन 11 केब्ही में हाथ टिकने के कारण सहजपुर निवासी मोनू पिता मुन्ना प्रजापति 34 वर्ष की करेंट से झुलस जाने से मौत हो गई। नगर की गौशाला में 11 केब्ही हाईटेंशन लाईन नीचे होने के कारण करेंट लगने की यह दूसरी घटना है इसके पहले नगर जितेन्द्र यादव को भी काम करते समय करेन्ट लगने से झुलस गया था लेकिन गनीमत कि लम्बे इलाज के बाद जितेन्द्र यादव ठीक हो गया। जबकि गौशाला प्रबंधन ने बिजली की लाईन उपर करने के लिए अनेक बार विजली कम्पनी को पत्राचार किया जा चुका है लेकिन बिजली कम्पनी लाईन उपर करने की कोई कार्यवाही नहीं कर रही है। मृतक मोनू का साथी राकेस ठाकुर ने बताया कि हम लोग ट्रैक्टर ट्राली लेकर खेतो में खाद के लिए गोवर की खाद लेने आए थे और ट्राली में गोवर भर रहे थे। ट्राली पूरी तरह भर गई थी लेकिन मोनू खाद के उपर खडे.होकर खाद का टुकना पकडकर खाद डाल रहा था। लेकिन उपर से गई बिजली की लाईन का ध्यान नही दिया जिस कारण गोवर डालते समय मोनू का हाथ बिजली की लाईन के तारो से जाकर टकरा गया और मोनू की करेंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया हैं। साथ ही शव परिजनो को सौंप दिया है। साथ ही पुलिस मामले की जॉच कर रही है।

## सड़क किनारे घंटो तक एक ही जगह बैठे रहे नाग देवता

### लोगों ने फोड़े नारियल रखे दूध के कटोरे



**बनवार।** जबेरा जंप के ग्राम माडनखेड़ा सड़क किनारे आज एक नाग देवता घंटो तक एक ही जगह पर फन फुलाए बैठे रहे जिनके दर्शनों को लोगों की भीड़ जमा हो गई। फिर क्या नागदेवता के डर से बेखबर लोग नागदेवता की इस इस स्तिथि में देखकर दर्शन करने एकत्रित होते चले गए । कुछ ने तो यहां पर नाग देवता दर्शन देने की घटना को मानकर नारियल भी फोड़ और कुछ तो घर से कटोरी में दूध भरकर ले आए। नाग देवता को दूध पिलाने के लिए कटोरी नाग देवता के पास तक लाठियों के सहारे रखते हुए दिखाई दिए। लेकिन जमा भीड़ को भी देखकर नाग देवता अपने स्थान से जरा भी टच के मस्त नहीं हुए। नाग देवता लोगों की भीड़ को देखते रहे लेकिन जब सड़क किनारे से कोई वहां गुजरा तो उसकी आवाज पर अपने फन को हिलाते हुए अपने स्थान पर बैठे रहे। लोगों की भीड़ लाठी डंडों से दूध का कटोरा नाग देवता के पास तक ले जाते वक्त लोगों का शोर गुल का नाग देवता पर कोई असर होता नहीं दिखाई दिया। जिससे लोग बोल उठे नाग देवता लोगों को दर्शन देने के लिए एक स्थान पर बैठे हैं वहीं कुछ लोगों का कहना था की नाग देवता चोटिल या फिर घायल हैं ।इसी वजह से अपने स्थान से टस के मस नहीं हो रहे है नाग देवता की यह स्थिति लोगों में घंटो तक कुतूहल का विषय बनी रही।

# गजानन पहाड़ी पर तिल गणेश मेला उमड़ा जन सैलाब



**दमोह।** गजानन पहाड़ी पर सोमवार को तिल गणेश का मेला आयोजित किया गया। नगर पुरोहित पं रामचंद्र पाठक, अरविंद पाठक के द्वारा भगवान गणेश जी के समक्ष हवन पूजन किया गया। जिसमें हजारों व्रत धारण करने वाली महिलाओं ने सुबह से देर शाम तक पूजन अर्चन कर हवन किया। गजानन पहाड़ी पर प्राचीन गणेश की प्रतिमा स्थापित है। यहां पर साल में तिल गणेश का मेला भरता है। तिल गणेश चतुर्थी पर काली व सफेद तिली के लड्डू का भोग श्री गणेश को लगाया जाता है। इस दिन दूर्वा चढ़ाने का भी विशेष महत्व है। महिलाएं व्रत धारण करती हैं और लड्डुओं से पूजन अर्चन कर विशेष आराधना करती हैं। शहर में श्री गणेश की उपासना के लिए प्राचीन मंदिर गजानन पहाड़ी पर ही स्थित है, जिससे पूरे शहर की हजारों महिलाएं यहां पहुंचती हैं। सोमवार की सुबह से लेकर देर शाम तक महिलाओं की लंबी कतारें लगी थीं। गणेश मंदिर तक पहुंचने के लिए महिलाओं को आधा घंटे तक का इंतजार करना पड़ रहा था। भगवान गणेश के दर्शन करने के बाद महिलाएं वहीं हवन कुंड में आहुति दी गई। मेला समिति के व्यवस्थापक दिलीप चौरसिया, कोमल चौरसिया, मोंटी रैकवार सहित अन्य सदस्य व्यवस्थाएं संभालते रहे। इस दौरान बच्चों ने उठाया मेला का आनंद तिल गणेश के मेला पर बच्चों के मनोरंजन के लिए भी दुकानदारों ने दुकानें लगाईं थीं, महिलाओं की बाहुल्यता के चलते महिलाओं व बच्चों के खेल खिलौनों से सजी दुकानों का मेला था। जिसमें ऊंची पहाड़ी पर चढने वाले बच्चों को आनंद आ रहा था। इस पहाड़ी पर ऐसे भी बच्चे पहुंचे थे, जो पहली बार किसी ऊंचे स्थान से पूरे शहर का नजारा कर रहे थे। इस दौरान कार्यक्रम का सफल संचालन मोंटी रैकवार और मंदिर व्यवस्थापक दिलीप चौरसिया,कोमल चौरसिया के द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान कैलाश शैलार, नारायण पहलवान एडवोकेट वसंत खरे, विहिप अध्यक्ष अंजू खत्री, मंत्री कौशलेंद्र पांडेय, विभाग प्रमुख सुनील ठाकुर, भाजपा नेता सिद्धार्थ मलैया, महेंद्र दुबे, कपिल सोनी, रमन खत्री, मालती असाटी, कविता राय, अनुनय श्रीवास्तव, मनीष तिवारी, विकास अग्रवाल, मनीष सोनी आलोक गोस्वामीअनुपम सोनी, रामशंकर तिवारी छोटू यादव पवन रजक, विक्रम साहू, अनुराग गौतम, रितेश सोनी, रुपेश रजक, राजीव राय, पार्षद विजय जैन, यशपाल ठाकुर, मनीष शर्मा, गणेश जाटव,अमित त्यागी, बालकृष्ण यादव, धीरज घारु, रघु श्रीवास्तव, सहित भक्त जनों की मौजदूगी रही।

## अतिथि शिक्षकों की ज्वाइनिंग हेतु पोर्टल खुलवाने और मानदेय भुगतान कराने सौंपा ज्ञापन

**दमोह।** अतिथि शिक्षकों की ज्वाइनिंग हेतु पोर्टल खुलवाने और मानदेय भुगतान कराने के संबंध में विकासखण्ड अधीकारी बाई के कोरी को सौंपा ज्ञापन। उपरोक्त विषयांतर्गत लेख हैं कि, अक्टूबर माह से ज्वाइनिंग संबंधी पोर्टल बंद होने के कारण अक्टूबर, नवम्बर और दिसम्बर माह में रखे गए अतिथि शिक्षकों की ज्वाइनिंग पोर्टल पर नहीं हो सकी, जिससे मानदेय भुगतान नहीं हो पा रहा हैं। उक्त माहों में रखे गए अतिथि शिक्षकों ने निरंतर अपनी सेवाएं देते हुए समय-सीमा में सिलेबस पूर्ण कराने और परीक्षा की तैयारी कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते आ रहे है। परंतु मानदेय भुगतान न होने से आर्थिक तंगी से जूझ रहे अतिथि शिक्षक परिवारों पर भरण-पोषण का संकट बना हुआ है। अतः श्रीमान जी से विनम्र निवेदन है कि, ज्वाइनिंग संबंधी पोर्टल खुलवाने और मानदेय भुगतान कराने की कृपा करें। ज्ञापन देने वालों में अतिथि शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष चन्द्रशेखर राय, इमाम खान, दिलीप मिश्रा, विजय सिंह ठाकुर, कोमल सिंह और बड़ी संख्या में अतिथि शिक्षको की उपस्थिति रही।

## खेत पर बने गड्ढे में डूबने से तीन वर्षीय बालक की दर्दनाक मौत

**हटा ।** अनुविभाग के गैसाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम निमरमुंडा में खेत पर बने गड्ढे में डूबने से मासूम बालक की दर्दनाक मौत हो जाने का मामला सामने आया है पुलिस ने घटनाक्रम में मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार निमरमुंडा गांव में अपने खेत में कछुआरा लगाकर निवास कर रहे खरगराम पटेल जिसका मासूम बेटा प्रकाश उम्र लगभग साढ़े तीन वर्ष जो खेत के पास ही खेल रहा था लेकिन समीप में बने गड्ढे के पास खेलते समय अचानक गिरकर डूब गया, परिजनों द्वारा कुछ समय बाद बालक दिखाई नहीं देने पर आसपास खोजबीन की तो बालक गड्ढे में पड़ा दिखाई दिया जिसे तत्काल ही आनन फानन में परिजनों द्वारा निजी वाहन से सिविल अस्पताल हटा लाया गया जहां ड्यूटीरत डॉक्टर द्वारा परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। मासूम बेटे की मौत की खबर से समूचे परिवार में मातम छा गया। गैसाबाद पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव के पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सुर्पुद किया गया।

## छात्र का टोल कार्ड मॉडल संभाग लेवल के लिए चयनित



**रनेह।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रनेह के छात्र चरण अहिरवार ने मार्गदर्शन शिक्षक चंद्रभान साहू की देखरेख में पर्यावरण विषय पर आधारित मॉडल टोल कार्ड (हाई स्पीड ब्रेकर) का प्रथम चरण में विकास खंड स्तर पर जिला लेवल के लिए चयनित किया गया। सोमवार को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह में आयोजित विज्ञान मेला में जिले के समस्त विकास खंडों से चयनित आए सभी छात्र-छात्राओं ने अलग-अलग विषय पर मॉडल प्रस्तुत किया। जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रनेह के छात्र चरण अहिरवार मार्गदर्शन शिक्षक चंद्रभान साहू ने पर्यावरण विषय से प्रथम स्थान प्राप्त किया। शिक्षक एवं छात्र को एस के नेमा जिला शिक्षा अधिकारी, मोहन राय जिला विज्ञान प्रभारी द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया।

## सरदार पटेल की मूर्ति स्थापित करने युवाओं को सौंपा ज्ञापन



**हटा।** भारत के लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की नगर में भूमि आवंटित कर प्रतिमा स्थापित करने सोमवार को सर्व समाज हटा के युवाओं द्वारा मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार महोदय को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि हटा नगर में सभी के आदर्श लोहपुरुष सरदार पटेल जी की मूर्ति स्थापित की जाए इस हेतु जमीन का आवंटन जल्द किया जाए एवं दमोह नाके का नाम सरदार पटेल चौक किया जाए। सर्व समाज प्रशासन के साथ इस कार्य में पूर्ण सहयोग करेगा। इसके पूर्व भी सर्व समाज द्वारा ज्ञापन के माध्यम से मांग की जा चुकी है गई है। ज्ञापन देने वाले युवाओं ने इस दिशा में जल्द कार्यवाही की जाने का आग्रह किया।ज्ञापन देने वालों में प्रिंसदीप खटीक,जनपद सदस्य शैलेष पटेल, हर्षप्रतीक कुसमरिया, रोहित लहरिया, शिवा भटेले, दीपेन्द्र पटेल, गर्वेश राजपूत, शुभम् पटेल, दिनेश,अजीत विश्वकर्मा,जितेंद्र, वीरेन्द्र, केशवेन्द्र, हेमराज, चंद्रकांत,देवेश, सहित बड़ी संख्या में युवाओं कि उपस्थिति रही।

## विराट रूद्र महायज्ञ की तैयारी जोरों पर

**बनवार।** प्राकृतिक सौंदर्य आस्था के अद्भुत संगम जोगन कुंड सिद्धों की तपोस्थली मैं 1 फरवरी से 7 फरवरी तक होने जा रहे भव्य और दिव्य विराट महामृत्युंजय रुद्र महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीमद् भागवत पुराण की तैयारी को अंतिम रूप देने के लिए जहां यज्ञशाला का निर्माण सहित अन्य तैयारियां में आयोजन समिति के सदस्य दिन रात जुटे हुए है। जोगन कुंड धाम के संचालक पंडित



मनोज मिश्रा ने बताया 1 फरवरी से 7 फरवरी तक विराट महामृत्युंजय रुद्र महायज्ञ एवं साप्ताहिक श्रीमद् भागवत महापुराण का भव्य आयोजन होना जिसकी तैयारी को अंतिम रूप देने के लिए समिति सदस्य जुटे हुए हैं। इस भव्य और दिव्या आयोजन का शुभारंभ 1 फरवरी दिन गुरुवार को दोपहर 12:00 बजे जबेरा की प्रसिद्ध नर सिंह देवालय से भाव कलश यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। यह कलश यात्रा नगर भ्रमण करते हुए जोगन कुंड सिद्ध धाम के लिए प्रस्थान करेगी और एक यज्ञ स्थल पहुंच कर श्रीमद् भागवत कथा की बैठकी यज्ञ इत्यादि धार्मिक आयोजनों का शुभारंभ होगा। आयोजन समिति के द्वारा क्षेत्र के धर्म प्रेमी बंधु ग्रामीण क्षेत्र जनों से इस धर्म काज में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।